एक नजर में

## एक कदम पुस्तकालय की ओर कार्यक्रम का समापन



**इंदौर.** श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स एवं एनडीआईएल के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बाल पुस्तकालय कार्यक्रम 'एक कदम पुस्तकालय की ओर' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत, रचनात्मकता व सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन देना था. प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने पुस्तकालय को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताया. कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं. इसमें चित्रकला प्रतियोगिता, चेयर रेस, एक मिनट प्रतियोगिता, नींबू दौड़, पासिंग द पार्सल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. समापन समारोह में विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार वितरित किए गए. इस अवसर पर ग्रंथालय समिति के संयोजक डॉ. मनीष दुबे, ग्रंथपाल डॉ. संध्या पुरोहित, एनडीएलआई संयोजिका डॉ. साक्षी मोटवानी, डॉ. राकेश उपाध्याय व डॉ. ललित चौहान उपस्थित रहे. अंत में डॉ. साक्षी मोटवानी ने आभार व्यक्त किया.

## मित्तल ट्रस्ट की ओर से पार्थिव शिवलिंग पूजन 17 को

इंदौर. श्रावण मास के उपलक्ष्य में नर्मदादेवी सांवलराम मित्तल धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले 23 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरूवार, 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में इंदौर के सैकड़ों समाजबंधु एवं श्रद्धालु आदिवासी समाज धर्मशाला पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंग के निर्माण, दर्शन, पूजन एवं अभिषेक के अनुष्ठान में शामिल होंगे. अनुष्ठान के प्रमुख महेश मित्तल ने बताया कि आमंत्रित भक्तों के लिए कार्यक्रम स्थल पर सुबह स्वल्पाहार से लेकर देर रात तक भोजन एवं अन्य सुविधाओं के प्रबंध भी किए गए हैं.

## बजाज फिन्सर्व एएमसी ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फंड

**इंदौर.** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है. यह फंड सब्स्क्रिप्शन के लिए 11 जुलाई को बंद होगा. बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड उन निवेशकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी संबंधित साधनों में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि संपत्ति बनाना चाहते हैं. इसकी शुरुआत पर गणेश मोहन, प्रबंध निदेशक, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहा स्मॉल कैप फंड का शुभारंभ भारत के गतिशील स्मॉल कैप जगत की दीर्घकालिक क्षमता में हमारी गहरी आस्था को प्रदर्शित करता है. पारंपरिक रूप से स्मॉल कैप अन्य व्यापक सूचकांकों से अधिक अस्थिरता प्रदर्शित करते हैं, जो बाज़ार उतार-चढ़ाव से निपटने और गुणवत्तापूर्ण अवसरों को पहचानने में सक्रिय प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करता है.

## मॉनसून में आयुर्वेद डाइट अपनायें

**इंदौर.** मॉनसून में त्वचा बेजान हो जाती है और इसमें कोई ग्लो नहीं दिखता. लोग अक्सर बाहरी उपाय अपनाते हैं, जो थोड़ी देर राहत देते हैं, लेकिन बार-बार इस्तेमाल से दाने, काले धब्बे या खुजली हो सकती है. आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सलाह देती हैं कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाए.। वे कहती हैं कि स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है. बादाम वात दोष को संतुलित करने की क्षमता रखते हैं. यह मौसम के असंतुलन को ठीक करते हैं और शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे सभी ऊतकों को ऊर्जा और ताजगी मिलती है. त्वचा के स्वास्थ्य के लिए, डॉ. मधुमिता रोजाना नाश्ते में बादाम शामिल करने की सलाह देती हैं ताकि स्वस्थ, चमकदार त्वचा मिले.

## चातुर्मास आत्मा को जागृत करने आते है : श्रुत मुनि



**इंदौर.** चातुर्मास प्रारंभ के अवसर पर महावीर भवन इमली बाजार पर श्रावक-श्रविकाओं की बड़ी संख्या की उपस्थिति में उपप्रवर्तक श्रृतुमुनि महाराज ने कहा कि यह चातुर्मास पर्व हमें वह संदेश दे रहे है कि हमें पाप कर्म को रोकना है और जो परमात्मा कि वाणी श्रवण करेगा उस आत्मा का कल्याण होगा. धर्मवाणी सुने बिना कल्याण संभव नहीं है पिछले आठ माह में जो पाप कर्म का बंध हो गया है वचन-वचन काया से पाप कर्म कि निर्जरा करना है. .यह चातुर्मास हमारी आत्मा को जागृत करने के लिये आते हैं. हमें हमारे जीवन को सार्थक करने के लिये चातुर्मास में जीनवाणी एवं धर्म आराधना में लग जाना है. धर्म प्रवचन प्रति दिन प्रात : 9 बजे से 10 तक होंगे. आज गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जायेगा गुरू कि साधना होगी गुरू का जीवन में क्या महत्व है इस पर गुरूदेव प्रवचन देंगे. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया आभार हेमन्त वोरा ने माना. धर्म सभा में रमेश भंडारी, रखबचंद कोटावाले, विमल तांतेड़, जिनेष्वर जैन, राजकुमार पंजाबी, प्रकाश कोठारी, गजेद्र बोड़ाना, गजेन्द्र तांतेड़, सुनिता छजलाणी, पुष्पा डागरिया, आजाद नारेलिया, शशी बोथरा, अशोक मंडलिक, पदम तांतेड़, आदि बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकायें उपस्थित थे। चोमासी चैवदस पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकओं ने सांयकाल प्रतिक्रमण का लाभ लिया.

## कालीधर लापता ने जीता लोगों का दिल

**इंदौर.** कुछ फिल्में शोर करती हैं। कुछ फिल्में लोगों के दिलों, घरों और उनकी यादों में अपनी जगह बना लेती हैं. ज़ी5 की नई ओरिज़नल, कालीधर लापता एक ऐसी ही फिल्म है. इसकी सशक्त कहानी ने अपनी भावनात्मक गहराई और सच्चाई के साथ लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है. कालीधर लापता के रिलीज़ होने के बाद ही इस फिल्म ने अपनी एक अलग जगह बना ली। इसे आईएमडीबी पर 8 .3/10 की रेटिंग मिली है. दर्शकों ने इसे बहुत ही अच्छे रिव्यू दिए हैं। इस फिल्म की भावुक कहानी अभिषेक बच्चन पर केंद्रित है. कई लोगों का कहना है कि इस फिल्म में उन्होंने अपने जीवन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस दी है. उनके किरदार ने संयम, कोमलता और मौन शक्ति का बखूबी चित्रण किया है. आज के समय में जहाँ चीखते हुए भव्य किरदारों का बोलबाला है, वहीं अभिषेक का कालीधर बिल्कुल वास्तविक किरदार के रूप में सबसे अलग खड़ा हुआ है.

## अमेजन पे के साथ प्राइम डे का पूरा फायदा उठाएं

**इंदौर.** प्राइम डे 2025 बस आने ही वाला है. 12 से 14 जुलाई तक चलने वाला यह उत्सव इस बार पहले से भी बड़ा और बेहतर है, जिसमें 72 घंटों तक एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का धमाका होगा. लेकिन अगर आप एक स्मार्ट शॉपिंग करने वाले ग्राहक हैं, तो आप जानते हैं कि एक अच्छा सौदा सिर्फ ऑफर तक ही सीमित नहीं होता, खासकर जब आप अमेजन पे का इस्तेमाल करते हैं. फिर चाहे बात हो यात्रा की, महंगी ख़रीदारी की, रोजमर्रा की ज़रूरतों की या गिफ्ट कार्ड्स की इस प्राइम डे पर जानिए कैसे आप हर रुपये का ज़्यादा से ज़्यादा फायदा उठा सकते हैं और अधिकतम वैल्यू अनलॉक कर सकते हैं. अगर आप प्राइम डे के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज़ या फैशन खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है

## मीशो मॉल ने टाटा व केन्व्यू से साझेदारी की

**इंदौर.** मीशो मॉल ने टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के बाद अब भारत में सभी ग्राहकों को ब्रांडेड दैनिक वैलनेस, बेवरेज और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की उपलब्धता बढ़ेगी. मीशो मॉल पर पूरे देश के ग्राहक अब टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू के उत्पाद आसानी से प्राप्त कर सकेंगे. उन्हें पर्सनल केयर से लेकर वैलनेस और बेवरेज तक दैनिक उपयोग की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी. इस पार्टनरशिप द्वारा खासकर टियर 2 शहरों में मीशो के लाखों शॉपर्स टाटा टी, टेटली और टाटा कॉफी जैसे टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और क्लीन एंड क्लियर फेस वॉश, जॉनसंस बेबी केयर प्रोडक्ट्स और स्टेफ्री सिक्योर सैनिटरी पैड जैसे केन्व्यू के उत्पाद आसानी से खरीद सकेंगे. मीशो मॉल पर इन श्रेणियों में ग्राहकों की गहरी दिलचस्पी है तथा लॉन्च के एक महीने के अंदर ही टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और केन्व्यू इंडिया के उत्पादों की मांग बढ़ रही है.





# टैक्स वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का 22 झोनल कार्यालयों पर प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कर वृद्धि वापस लेने की मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम संपत्ति कर और जलकर दर में वृद्धि करने के विरोध में आज कांग्रेस ने 22 झोनल कार्यालय पर एक साथ प्रदर्शन किया. सभी झोनल कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन में टैक्स दर वृद्धि को वापस लेने की मांग की गई है. कांग्रेस के उक्त प्रदर्शन का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस प्रभारी रवि जोशी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने नेतृत्व किया.**

### यहां पर हुए प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और इंदौर शहर कांग्रेस के प्रभारी रवि जोशी ने सुखलिया और पंचम की फेल झोनल कार्यालय प्रदर्शन में भाग लिया. वही प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने हरसिद्धि जोनल कार्यालय 12 के प्रदर्शन में भाग लिया. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के झोनल कार्यालयों पर दीपू यादव, कोमल यादव, गजेंद्र वर्मा, प्रेम खड़ायता, अनवर दस्तक, रफीक खान, मुकेश यादव ने प्रदर्शन किया गया. इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 झोनल कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, चिंटू चौकसे, राजू भदोरिया, विनोद चौकसे, राजा चौकसे, अमित पटेल और गोपी यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में पिंटू जोशी, अभय वर्मा, सुरेंद्र जैन, दिलीप कौशल और अंसाफ अंसारी ने प्रदर्शन किया. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के झोनल कार्यालय पर सुरजीत सिंह चड्ढा, सुरेश मिंडा, देवेंद्र सिंह यादव, सनी राजपाल और सादिक खान ने प्रदर्शन किया. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के झोनल कार्यालय में सोनाली मिमरोट, शेफु वर्मा, सुदामा चौधरी, रघु परमार, अमन बजाज, विनय बाकलीवाल, संतोष यादव, शेख अलीम, रुबीना खान, अरविंद बागड़ी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया. साथ ही नगर निगम की सीमा में आने वाले राउ, सांवेर और देपालपुर क्षेत्र के झोनल कार्यालय पर जय हार्डिया, कुनाल सोलंकी, सीमा सोलंकी, दिलीप सूरागे और रीना बौरासी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे और शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि नगर निगम ने संपत्ति कर स्लैब में परिवर्तन कर टैक्स दर वृद्धि की है. इसके तहत अलग-अलग भाड़ा क्रय मूल्य के आधार पर जनता पर संपत्ति कर में 20 से लेकर 60% तक की वृद्धि होगी. चौकसे ने बताया कि नगर निगम ने घरेलू आधा इंच नल कनेक्शन में पानी की दर 300 रुपए प्रति माह करने का फैसला लिया गया है. अभी यह दर 200 रुपए प्रति माह थीं. इस तरह से नगर निगम के द्वारा जलकर की दर में 50% की वृद्धि की गई है. निगम ने यह वृद्धि उस स्थिति में की है, जब आधे शहर में नर्मदा लाइन ही नहीं है. जहां लाइन है, वहां लोग नल से आने वाले ड्रेनेज के पानी के कारण परेशान है.

शहर के लोगों को नगर निगम के द्वारा 15 दिन पानी देकर 30 दिन का पैसा लिया जा रहा है. चौकसे ने बताया कि नगर निगम के द्वारा टैक्स दर में अनाप-शनाप वृद्धि के विरोध में आज कांग्रेस ने सभी 22 झोन कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया है. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के साथ मिलकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर टैक्स दर वृद्धि को वापस लेने की मांग की है.

# एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव कल

- भविष्य में शहरों के निर्माण और विकास को लेकर होगी चर्चा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और शहरों की आधारभूत संरचना के निर्माण को लेकर एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव का बीसीसी में कल आयोजन होगा। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे. कार्यक्रम भविष्य में शहरों का निर्माण थीम पर आधारित है. कार्यक्रम राज्य में शहरी एवं रियल एस्टेट विकास में निरंतर निवेश को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है.**

इस अवसर पर स्मार्ट अर्बनाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग, रियल एस्टेट, ग्रीन बिल्डिंग्स, स्वच्छता, ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और मेट्रो रेल सिस्टम जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित होंगे. कॉन्क्लेव का एक मुख्य आकर्षण अर्बन डेवेलपमेंट एक्सपो होगी, जिसमें शहरी आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएग.

> आज कॉन्क्लेव के नोडल अधिकारी एस. कृष्ण चैतन्य ने एक्सपो और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया. कॉन्क्लेव में एमपी मेट्रो, आईडीए और इंदौर नगर निगम प्रमुख प्रदर्शकों में शामिल होंगे. इसके साथ ही मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड, यूडीए, बीडीए, एमपीआईडीसी, एनएचएआई, हुडको, एमपीएसईडीसी, क्रेड़ाई, होटल एसोसिएशन, आईजीबीसी और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग जैसे विभाग शामिल होंगे.





## सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है : मंगलदास

**इंदौर.** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में प्रति मंगलवार एवं शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है. इस कार्यक्रम में युवा बड़ी संख्या में शामिल होते है.

इस अवसर पर महंत मंगलदास महाराज खाकी ने कहा कि जो भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसे चारों पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो रोग असाध्य होते है वे साध्य हो जाते है. प्रवीण जोशी ने बताया कि सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ रात्रि को 8 बजे आरती के बाद किया जाता है.

# निगम का 51 हजार पौधारोपण कार्यक्रम कल

- 5 एकड़ में सिटी फारेस्ट होगा विकसित
- मुख्यमंत्री यादव भी करेंगे पौधरोपण
- महापौर एवं आयुक्त ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा केसर बाग रोड पर सिटी फारेस्ट विकसित किया जाएगा. इसके लिए निगम द्वारा 5 एकड़ में 51 हजार पौधे लगाए जाएंगे.** पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी पौधा लगाएंगे. उक्त पौधरोपण कार्यक्रम के लिए आज महापौर और निगम कमिश्नर ने स्थल निरीक्षण किया.




पर्यावरण संरक्षण, शहर में हरियाली बढ़ाने और जलवायु संतुलन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम 5 एकड़ में सिटी फारेस्ट विकसित करेगा. इसके के लिए निगम ने केशर बाग रोड पर स्थित जमीन का चयन किया है. पौधरोपण कार्यक्रम 11 जुलाई को अयोजित होगा और मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में भाग लेंगे. उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा ने केसर बाग रोड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक व्यवस्था, मंच सहित अन्य कार्यों निर्देश दिए. सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के आदेश दिए. स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक मधु वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, राजेंद्र राठौर जनकार्य प्रभारी, पार्षद योगेश गेंदर, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित थे.

# हर किरदार में होती है चुनौती, कुछ आसान नहीं : राजकुमार

- फिल्म मालिक के प्रमोशन के लिए शहर आए कलाकार

**इंदौर. चाहे कॉमेडी हो एक्शन या फिर अन्य कोई जोनर, चुनौती हर तरह के किरदार में होती है. कुछ आसान नहीं होता. मैं किसी फिक्स्डइमेज में नहीं बंधना चाहता. हर बार कुछ नया करने की कोशिश करता हूं ताकि कुछ नया चुनौतीपूर्ण करने को मिले. मुझे नया किरदार करने में मजा आता है. यही कोशिश करता हूं कि दर्शकों को भी कुछ सरप्राइज मिले और नयापन दिखे.**

यह कहना है अभिनेता राजकुमार राव का. वे अपनी फिल्म मालिक के प्रमोशन के लिए शहर में थे. उनके साथ अभिनेत्री मानुषी छिल्लर और निर्देशक पुलकित भी थे. उन्होंने एक निजी कॉलेज में स्टूडेंट्स के बीच पहुंचे और फैंस से मुलाकात की. उन्होंने इस दौरान मीडिया से भी चर्चा की और अपना अनुभव साझा किए. राजकुमार ने बताया कि मैं पहली बार एक्शन फिल्म कर रहा हूं. इसमें मैं मालिक का किरदार निभा रहा हूं. मालिक सिर्फ एक नाम नहीं, एक प्रतीक है, शक्ति का, निर्भयता का वह किसी से डरता नहीं, सिर्फ अपनी सुनता है. मालिक 1980 के दशक के इलाहाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन एंटरटेनर है. किरदार की तैयारी को लेकर उन्होंने बताया कि मैं एक मार्शल आर्टिस्ट रह चुका हूं. काफी साल मैंने मार्शल आर्ट्स किया है तो वो एक एक रिद्म तो है बॉडी में. यह कोई नया नहीं था मेरे लिए. लेकिन हां इस किरदार के लिए कुछ अलग चीजों की जरुरत थी. हमें हथियारों की पर प्रेक्टिस करनी थी. फिल्म में एके-47 जैसे हथियार का प्रयोग हुआ. उसके लिए बाडी थोड़ी अलग चाहिए थी. कुछ तैयारी भी करना पड़ी. उन्होंने बताया कि हमने रियल लोकेशन पर शूट किया. लखनऊ में उन्नाव, कानपुर और रायबरेली के इर्द-गिर्द बहुत सारे गांव में शूटिंग की, क्योंकि 1980 की कहानी है. तो उस दौर में जिसे जगह की लोकेशन लगती थी वहां पर शूटिंग की. हमने कहीं सेट नहीं बनाया है. उन जगहों पर जाकर शूटिंग की है।



### साउंड इंजीयिरिंग का होता है फर्क

निर्देशक पुलकित ने ओटीटी और थिएटर फिल्म के अनुभव पर बताया कि बड़े पर्दे और ओटीटी के लिए फिल्म बनाने में तकनीक लगभग एक ही रहती है लेकिन थियेटर के हिसाब से साउंड इंजीनियरिंग का अलग स्टाइल रहता है. थिएटर का मजा एक साथ बैठकर फिल्म देखने में है. एक्शन फिल्में जब तक बड़े पर्दे और लाउड साउंड में न देखी जाएं, मजा अधूरा रह जाता है। थिएटर सामूहिक अनुभव है. इसलिए हम साउंड, फ्रेम, स्केल-सबमें कुछ एक्स्ट्रा करते हैं.

### संवाद के लिए करना पड़ी मेहनत : मानुषी

मानुषी छिल्लर ने बताया कि यह एक रियल किरदार की तरह है. इतना आसान नहीं होता है. संवाद और डायलॉग के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी. एक ऐसे एरिया की है भाषा जहां आप पले बड़े हो वहां का एक अलग डायलेक्ट होता है. छोटी-छोटी चीजें ध्यान रखना पड़ती हैं. साधारण दिखने वाले किरदार को असल और जीवंत बनाना बहुत बड़ी चुनौती होती है.



## जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम : ऋषभदेव

**इंदौर. जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है. भागवत भक्ति, ज्ञान, वैराग्य एवं त्याग के समन्वय का विलक्षण ग्रंथ है. स्वयं भगवान कृष्ण के जन्म से ले कर अंत तक संघर्ष ही संघर्ष बना रहा. हमें भी कृष्ण की तरह मुस्कराते हुए इन संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा भागवत से मिलती है.**

भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज ने बुधवार को राजेंद्र नगर स्थित टंकी हॉल पर परशुराम महासभा की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण सुदामा मिलन प्रसंग के दौरान उक्त दिव्य बातें कहीं. आज समापन दिवस पर कथा की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं मातृशक्ति ने संभाली. प्रदेश में संतुलित एवं सुखद वर्षा तथा समाज में सदभाव की कामना से यज्ञ-हवन भी किया गया. कथा शुभारंभ के पूर्व व्यासपीठ का पूजन आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री, पार्षद प्रशांत बड़वे, घनश्याम वैष्णव, संदीप जोशी, संजय जारोलिया, देवेन्द्र शर्मा, भगवती शर्मा, विशाल शर्मा, लीलाधर शर्मा, सुरेशचंद्र पांडे, संदीप जोशी, नरेन्द्र तिवारी आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी पूर्व महापौर डॉ. उमाशिश शर्मा, पं. अनूप शुक्ला, विकास अवस्थी, कन्नू मिश्रा, पं. महेन्द्र शुक्ला, श्रीमती वर्षा गोविंद शर्मा, मोनिका शर्मा, रेणु शर्मा, अनिता व्यास, मोनिका दुबे, उमा शुक्ला, पायल शर्मा, दीपिका शर्मा, कविता मिश्रा, वर्षा व्यास, रश्मि पुरोहित, डाली जोशी आदि ने की. उत्सव की व्यवस्थाएं मुख्य यजमान पूनम-संजय मिश्रा, शरद शर्मा, वी.पी. भार्गव, प्रकाश चौबे, पं. प्रद्युम्न दीक्षित, पं. मांगीलाल जोशी आदि के मार्गदर्शन में की गई. संयोजक पं. संजय मिश्रा ने आयोजन में सहयोग देने वाले क्षेत्र के सभी रहवासियों, समाजबंधुओं एवं स्नेहीजनों के प्रति आभार व्यक्त किया. कथा व्यास भागवताचार्य पं. ऋषभदेव का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया.

## आज निकलेगी श्रीनाथ महाराज की पालकी

**इंदौर. श्रीनाथ मन्दिर में चल रहे तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव में रोजाना विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है.**

श्रीनाथ मन्दिर संस्थान के सचिव संजय गो. नाम जोशी ने बताया कि सोलापुर सहित नागपुर, चालीसगाँव, भुसावल, पूना, अकोला मुंबई आदि स्थानों से बड़ी संख्या में श्रीनाथ महाराज के भक्त आये है और यही पर ठहरे है. आज सुबह भक्तों ने शंख - घंटाल बजाकर कांकड आरती की। इस मौके पर मंगेश भागवत, डॉ. संदीप तारे, मनीष ओक विशेष रूप से उपस्थित थे. प्रवीण जोशी ने बताया कि भक्तों ने सामूहिक रूप से श्री नाथ महाराज की समाधि पर महाराज की चरण पादुका की पूजा कर शीश नवाया. उसके बाद श्री माधव नाथ दीपप्रकाश गुरु चरित का सामूहिक पाठ हुआ. शाम को पुणे के हरि भक्त परायण नारदीय कीर्तनकार चंद्रशेखर ब्रह्मे के कीर्तन हुए.



ब्रह्मे ने कहा कि मंगला- चरण से भजन की शुरू आत करना चाहिए। परमात्मा को जपने का कीर्तन अच्छा माध्यम है. उसके बाद भक्ति संगीत संस्था का गायन कार्यक्रम हुआ. भजन गायक भाऊराव जेन्जाल और मनोहर शहाणे ने अभंग सुनाएँ. प्रमोद बोरगावकर ने बताया कि महिलाओ ने संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम, मीरा , संत कबीरआदि संतो के भजन और अभंग सुनाएँ। आक्टोपेड पर संगत प्रकाश घोड- गाँवकर ने दी और तबले पर आदित्य लेले ने. सह गायक अजीत मुले, अनुराग बेहरे और प्रकाश डिवंगकर थे. 10 जुलाई को सुबह लघुरुद्र अभिषेक के बाद श्रीनाथ महाराज की पालकी निकलेगी.

कार्यक्रम | आईएमए द्वारा स्मार्टटेक ए आई सीरीज का आयोजन

# एआई से मार्केटिंग और विज्ञापन क्षेत्र में आ रही क्रांति

नवभारत न्यूज

**इंदौर. मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अपने स्मार्टटेक एआई सीरीज के अंतर्गत एक ओपन फोरम का आयोजन किया, जिसका विषय था जेन एआई फॉर बिज़नेस ट्रांसफॉर्मेशन. मुख्य वक्ता अल्फा ग्रोथविलेज के फाउंडर एवं सीईओ अमित चावला ने जनरेटिव एआई की दुनिया में हो रहे बदलावों पर उपयोगी जानकारी साझा की.**



कार्यक्रम में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और लाइव डेमो प्रस्तुत किए गए. इसमें एलएलएम और सामान्य एआई टूल्स में अंतर, 10+एआई टूल्स का उपयोग और लाइव डेमो, केनवा का आसान ट्यूटोरियल, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की तकनीक और एआई एजेंट्स का मॉडल, बोलने वाले अवतार, लैंडिंग पेज बिल्डर लॉ आफ मेनिफेस्टेशन-कुछ भी हासिल करने का मानसिक विज्ञान प्रमुख रहे. श्री चावला ने समझाया कि कैसे बिना टेक्निकल स्किल्स के भी कोई व्यक्ति प्रोफेशनल डिज़ाइन, कंटेंट और प्रेजेंटेशन कुछ ही मिनटों में तैयार कर सकता है. कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कैसे एआई की मदद से आज के मार्केटिंग और विज्ञापन क्षेत्र में क्रांति आ रही है जिसमें रियलिस्टिक विज़ुअल्स, ऑटोमैटेड कॉन्टेंट और बिज़नेस टूल्स की अहम भूमिका है.

### नई टेक्नोलॉजी को अपनाएं

आईएमए का यह उद्देश्य रहा कि इंदौर के व्यवसायी, स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स नई टेक्नोलॉजी को अपनाएं और अपने कार्यों में इसका प्रभावी उपयोग करें. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों, प्रोफेशनल्स और इंडस्ट्री प्रतिनिधियों ने भाग लेकर इसे सफल बनाया.